**अनियमित्ता** | मापदंडों की अनदेखी, ग्राम पंचायत ढेको के विकास कार्यों की निष्पक्ष जांच की मांग

# ढेको पंचायत पर नाली और रंगमंच निर्माण में अनियमित्ता के गंभीर आरोप

**मंडला 01 दिसंबर नभाप्र.** जनपद पंचायत मंडला अंतर्गत ग्राम पंचायत ढेको में इन दिनों चल रहे निर्माण कार्यों को लेकर ग्रामीणों में गहरा आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों ने पंचायत पर नाली एवं रंगमंच निर्माण कार्य में गंभीर अनियमितताएँ बरतने का आरोप लगाया है, और शिकायत के बावजूद कार्रवाई न होने पर नाराजगी जताई है। ग्रामीणों का आरोप है कि पंचायत कुछ दबंग व्यक्तियों के इशारे पर मनमाने ढंग से कार्य कर रही है। नाली निर्माण कार्य बिना किसी लेआउट के किया जा रहा है, जिससे इसकी गुणवत्ता पर सवाल खड़े हो रहे हैं। साथ ही, नाली में इस्तेमाल किया जा रहा लोहा भी मापदंडों के अनुसार उपयुक्त नहीं है।

ग्रामीणों ने बताया कि नाली का निर्माण इस तरह किया गया है कि इसका लाभ केवल गांव के एक ही व्यक्ति को मिलेगा, जबकि इसे सड़क पार कर जोड़ने पर पूरे क्षेत्र को लाभ मिल सकता था। सबसे बड़ी समस्या यह है कि नाली का स्तर इतना ऊँचा रखा गया है कि आसपास के घर नाली से काफी नीचे हो गए हैं, जिससे घरों का पानी नाली में नहीं निकल पाएगा और आमजन को आवागमन में भी कठिनाई हो रही है।



### रंगमंच निर्माण भी संदिग्ध

शिशु मंदिर स्कूल के पास बन रहे रंगमंच निर्माण को लेकर भी गुणवत्ता पर सवाल उठाए गए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि निर्माण में प्लिंथ नहीं डाली गई है और स्कूल द्वारा पहले से डाली गई बीम का ही उपयोग किया जा रहा है। एक दिशा में दीवार का निर्माण भी अभी तक नहीं किया गया है, जिससे कार्य की गुणवत्ता संदिग्ध प्रतीत होती है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। उनकी मांग है कि ग्राम पंचायत ढेको में चल रहे सभी निर्माण कार्यों की सूक्ष्म एवं निष्पक्ष जांच कराई जाए ताकि अनियमितताओं का पर्दाफाश हो सके और जिम्मेदार अधिकारियों पर उचित कार्रवाई की जा सके।

### इनका कहना है

ग्राम पंचायत ढ़ेको में सभी विकास कार्य पूर्ण स्वीकृति एवं ग्राम सभा के प्रस्ताव के आधार पर ही संचालित किए जा रहे हैं। कुछ माह पूर्व प्रभार ग्रहण करने के बाद से समस्त कार्यवाही निर्धारित नियमों एवं पारदर्शिता के साथ की जा रही है।

**प्रकाश मार्को,** सचिव, ग्राम पंचायत ढ़ेको

आप लोग उपाध्यक्ष के कहने पर आये है, अभी मेरे पास टाइम नहीं है, मैं कुछ नहीं बता सकती, ज्यादा है तो आप पांच बजे आए तब में जानकारी दूंगी।

**श्रीमती प्रतिभा शुक्ला,** सीईओ, जनपद पंचायत मंडला

पंचायतों द्वारा कराए जा रहे अधिकांश कार्य मनमाने ढंग से चहेते ठेकेदारों को दिए जा रहे हैं, जिनमें गुणवत्ता और पारदर्शिता का बिल्कुल ध्यान नहीं रखा जा रहा है। विकास कार्यों में इस तरह की अनियमितता जनहित के साथ धोखा है। इन गड़बड़ियों और निम्न स्तरीय निर्माण कार्यों की शिकायत मैंने संबंधित विभागों के समक्ष दर्ज कराई है, जिससे जांच हो सके और दोषियों पर उचित कार्रवाई की जाए।

**संदीप सिंगौर,** उपाध्यक्ष, जनपद पंचायत मंडला

# घुघरी के तबलपानी में युवती का शव और भ्रूण संदिग्ध हालत में मिला

## हत्या और अवैध संबंध की आशंका, पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर शुरू की जांच



**घुघरी 01 दिसंबर नभाप्र.** जिले के घुघरी थाना क्षेत्र की सलवाह चौकी अंतर्गत आने वाले तबलपानी गांव में सोमवार सुबह एक सनसनीखेज घटना सामने आई, जहाँ एक युवती का शव संदिग्ध अवस्था में मिला है। बताया गया कि स्थानीय लोगों ने सोमवार सुबह युवती के शव को देखा, जिसके बाद तत्काल पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही सलवाह चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। जानकारी अनुसार तबलपानी ग्राम में मार्ग किनारे एक युवती का शव मिला, युवती के शव से कुछ ही दूरी पर चार से पांच माह का भ्रूण भी बरामद हुआ है। इस दोहरी और संदिग्ध घटना ने क्षेत्र में हड़कंप मचा दिया है और प्राथमिक तौर पर हत्या और अवैध संबंध की आशंकाओं को जन्म दिया है। सूचना मिलते ही सलवाह चौकी प्रभारी निलेश पटेल सहित चौकी पुलिस का पूरा अमला तत्काल घटना स्थल तबलपानी पहुंचा। पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया है और घटना स्थल का बारीकी से निरीक्षण किया गया।

बताया गया कि मृत युवती की पहचान घटना स्थल से दो किलोमीटर दूर स्थित गांव की 27 वर्षीय युवती के रूप में की गई है। वहीं युवती गुजरात में काम करने गई हुई थी, जो हाल ही में विगत दिवस गांव वापस लौटी थी। युवती के परिजनों ने उसके गर्भवती के विषय में कोई जानकारी नहीं थी। वहीं युवती शनिवार को उपचार कराने मंडला भी गई हुई थी। सलवाह पुलिस ने बताया कि दोनों शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया हे। डीएनए टेस्ट के बाद ही यह स्पष्ट हो पाएगा कि भ्रूण किसका है। इसके साथ ही यह भी आशंका की जा रही है कि युवती ने गर्भपात के लिए कोई दवाई खाई होगी, जिसके कारण अधिक रक्त स्त्राव हो गया और युवती की मृत्यु हो गई। पुलिस अब युवती की मौत कैसे हुई और बरामद भ्रूण उससे संबंधित है या नहीं। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई पूरी कर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और पूरे मामले की गहन जांच शुरू कर दी गई है।

# अयोध्या नगर क्रिकेट में सीएम राइस टिकरिया ने मारी बाजी

## रोहित ठाकुर ने दिलाया प्रथम स्थान, क्षेत्र का नाम किया रोशन



**नारायणगंज 01 दिसंबर नभाप्र.** इटारसी अयोध्या नगर में विगत दिवस आयोजित 17वीं बालक क्रिकेट प्रतियोगिता में सीएम राइस विद्यालय टिकरिया के विद्यार्थियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस क्षेत्रीय प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया था। क्षेत्रीय विभाग द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता में विद्यालय के छात्र रोहित ठाकुर ने अपनी टीम का नेतृत्व करते हुए दक्षिण क्षेत्रीय प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रदर्शन किया और विद्यालय को प्रथम स्थान दिलाने में निर्णायक भूमिका निभाई। प्रतियोगिता में दूसरा स्थान पूर्व क्षेत्र के प्रतिभागियों को मिला। विद्यालय के छात्रों की इस उपलब्धि पर क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। छात्राएं भावना और आपर समेत अन्य प्रतिभागियों ने प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय और क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया। छात्रों की इस सफलता पर विद्यालय परिवार ने उन्हें बधाई दी। बधाई देने वालों में प्राचार्य अर्चना नेमा, क्रीड़ा जिला अधिकारी मंगल सिंह पंद्रो, विकासखंड समन्वयक करुणा मर्सकोले, स्कूल पीटीआई टीचर सुजीता यादव, एवं समस्त स्टाफ शामिल रहे। उन्होंने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की और उनके खेल कौशल की प्रशंसा की।

# जागृति युवा मंच ने विश्व एड्स दिवस पर भेदभाव छोड़ो, सहयोग बढ़ाओ का दिया संदेश

**एचआईवी, एड्स जागरूकता कार्यक्रम में एचआईवी के प्रभावी इलाज पर चर्चा**

**एड्स दिवस पर रैली, जांच शिविर और गोष्ठी का आयोजन**

**मंडला 01 दिसंबर नभाप्र.** विश्व एड्स दिवस के अवसर पर जागृति युवा मंच समिति एवं लिंक वर्कर स्कीम मंडला ने जिले में एचआईवी, एड्स के प्रति जन-जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए एक कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला क्षय अधिकारी डॉ. सुमित सिंगौर ने की। जागरूकता कार्यक्रम की शुरुआत स्वागत एवं परिचय सत्र से हुई, जिसमें संस्था के प्रतिनिधियों ने प्रतिभागियों, युवाओं, स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं और समुदाय के सदस्यों का अभिनंदन किया। कार्यक्रम में डॉ. सुमित ने एचआईवी के संक्रमण मार्गों, रोकथाम के उपायों, सुरक्षित व्यवहार की महत्ता और नियमित जांच की आवश्यकता पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि आज एचआईवी का प्रभावी इलाज उपलब्ध है, जिसके कारण संक्रमित व्यक्ति भी स्वस्थ और सामान्य जीवन व्यतीत कर सकता है। डॉ. सुमित सिंगौर ने समाज से अपील की है कि वे एड्स से जुड़े मिथकों और संक्रमित लोगों के प्रति किए जाने वाले भेदभाव को समाप्त करें।

### जागरूकता रैली एवं नि :शुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित

कार्यक्रम में युवाओं और लिंक वर्कर स्कीम के स्वयं सेवकों ने जागरूकता रैली निकाली। रैली के माध्यम से जांच कराओ, जागरूक बनो और भेदभाव छोड़ो, सहयोग बढ़ाओ जैसे संदेशों को जन-जन तक पहुंचाया गया। जागरूकता के संदेश को जमीनी स्तर पर पहुँचाने के लिए एक परामर्श एवं स्वास्थ्य शिविर भी आयोजित किया गया। शिविर में समुदाय के सदस्यों ने नि:शुल्क एचआईवी परीक्षण कराया। आयोजित स्वास्थ्य शिविर में 100 से अधिक लोगों ने स्वेच्छा से एचआईवी की जांच कराई और 300 से अधिक लोगों तक जनजागरूकता का संदेश पहुंचाया गया।




### विशेषज्ञों ने दिया मार्गदर्शन

इसके साथ ही जागरूकता कार्यक्रम में विद्यालय में पोस्टर प्रतियोगिता एवं समूह चर्चा भी आयोजित की गई, जिनमें युवाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और एड्स संबंधी सवालों पर विशेषज्ञों से मार्गदर्शन प्राप्त किया। कार्यक्रम के अंत में आयोजक संस्था ने सभी अतिथियों, सहयोगियों और प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया और भविष्य में भी स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रमों को निरंतर संचालित करने का संकल्प लिया।

# भुआ बिछिया में गीता जयंती महोत्सव का आयोजन, छात्रों ने किया सामूहिक गीता पाठ

## परशुराम कल्याण बोर्ड ने दिया संदेश, गीता केवल हिन्दू धर्म का नहीं



**भुआबिछिया 01 दिसंबर नभाप्र.** गीता जयंती महोत्सव के अवसर पर विनोद रंगमंच बिछिया में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ आगंतुक अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया, जिसके बाद उपस्थित स्कूली छात्र-छात्राओं ने सामूहिक रूप से गीता आरती प्रस्तुत की। प्रशासनिक अमले द्वारा जनपद अध्यक्ष सकुना उइके, नगर परिषद अध्यक्ष रजनी मरावी, भाजपा मंडल अध्यक्ष नीरज भट्ट, नगर परिषद उपाध्यक्ष रणधीर सिंह राजपूत, पार्षदगण, परशुराम कल्याण बोर्ड के बिछिया तहसील प्रभारी रजनीश पाण्डेय सहित नगर के गणमान्य नागरिकों का स्वागत किया गया। तहसील संयोजक विवेक कुमार पाण्डेय ने श्रीमद्भगवद्गीता के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि श्रीमद्भगवद्गीता केवल हिन्दू धर्म के ग्रंथ तक सीमित नहीं है, वरन यह संपूर्ण विश्व एवं मानव समाज के कल्याण का अद्भुत साहित्य है। पाण्डेय ने पूर्व राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम साहब का उदाहरण देते हुए बताया कि वे भी गीता का नियमित पठन करते थे। उन्होंने कहा गीता एक ऐसा ग्रंथ है जो रणभूमि में रचा गया और मानव जीवन भी एक रणभूमि है, जहाँ विजय पाने के लिए हमें गीता को आत्मसात करना चाहिए। उद्बोधन के बाद उपस्थित सभी छात्र-छात्राओं को श्रीमद्भगवद्गीता के 15वें अध्याय के श्लोकों का सामूहिक पाठन कराया गया। इसके साथ ही कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों को गीता साहित्य का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम में आमंत्रित अतिथियों के साथ जनपद पंचायत बिछिया के सीईओ, महिला बाल विकास के परियोजना अधिकारी, बीओ, बीआरसी, बीएसी, नगर परिषद के अधिकारी-कर्मचारी, स्कूली छात्र-छात्राएं, नगर के गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में तहसील प्रभारी रजनीश पाण्डेय ने सभी सहयोगियों और अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# सीईओ ने किया मनरेगा के कार्यों का निरीक्षण

**मंडला 01 दिसंबर नभाप्र.** सीईओ जिला पंचायत श्री शाश्वत सिंह मीना ने घुघरी क्षेत्र का भ्रमण किया। यहाँ उन्होंने ग्रामीण विकास विभाग की विभिन्न योजनाओं के कार्यों का निरीक्षण किया। दौरे के दौरान उन्होंने ग्राम ढेंको और डोंगरमंडला में महात्मा गाँधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना अंतर्गत माँ की बगिया कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने योजना के तहत चिन्हित हितग्राहियों के फील्ड पर पहुंचकर स्थल का जायजा लिया। साथ ही हितग्राहियों से चर्चा करते हुए उन्हें आवश्यक सुझाव दिए।

# माखन चोरी और गोवर्धन कथा सुनकर भाव-विभोर हुए श्रद्धालु

## मोबाइल और टीवी सीरियल्स परिवारों में बढ़ा रहे हैं कलह-संतोष शास्त्री

**मंडला 01 दिसंबर नभाप्र.** महाराजपुर स्थित रेल्वे स्टेशन के पास चल रही श्रीमद् भागवत कथा के पाँचवे दिन पं. संतोष शास्त्री पदमी वाले ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का मनमोहक वर्णन किया। शास्त्री जी ने माखन चोरी की कथा सुनाते हुए बताया कि नटखट कृष्ण प्रतिदिन शिकायत आने पर मुंह खोलकर अपनी मासूमियत साबित कर दिया करते थे। माखन चोरी से जुड़े गीत गाए जाने पर पंडाल में उपस्थित श्रद्धालु भाव-विभोर होकर झूमने लगे।



शास्त्री जी ने गोवर्धन पर्वत की कथा सुनाते हुए बताया कि गोपिकाएं 56 भोग बनाकर उत्सव मना रही थीं। भगवान कृष्ण ने तब कहा था कि इंद्र से अधिक शक्तिशाली गोवर्धन पर्वत है, और उसी की पूजा की जानी चाहिए। यहीं से गोवर्धन पूजन की शुरुआत हुई।

### परिवारों में बढ़ती दूरी पर चिंता

वर्तमान समाज पर टिप्पणी करते हुए शास्त्री जी ने परिवारों में बढ़ती कलह का मुख्य कारण मोबाइल फोन और टीवी सीरियल को बताया। उन्होंने कहा कि मोबाइल ने सदस्यों को अलग-अलग कमरों तक सीमित कर दिया है, और टीवी सीरियल रिश्तों को जोड़ने के बजाय तोड़ने की सीख दे रहे हैं। उन्होंने भागवत कथा के संदेश को समाज में बढ़ती आपसी दूरी और अविश्वास को समाप्त करने के लिए महत्वपूर्ण बताया।

# घुघरी में धान खरीदी केंद्र का शुभारंभ, किसानों को मिलेगी राहत

## पूजा-अर्चना के साथ शुरू हुई खरीदी, दूर जाने की बाध्यता खत्म, समय और लागत की बचत



**घुघरी 01 दिसंबर नभाप्र.** मंडला जिले के घुघरी क्षेत्र के किसानों के लिए राहत भरी खबर है। 1 दिसंबर से घुघरी में धान खरीदी केंद्र का विधिवत शुभारंभ कर दिया गया है। इस केंद्र के शुरू होने से अब क्षेत्र के किसानों को अपनी धान की उपज बेचने में काफी सुविधा मिलेगी। उद्घाटन के अवसर पर विधिवत पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया। उपस्थित अतिथियों द्वारा सबसे पहले धान तोलने वाले कांटे की पूजा की गई, जिसके बाद खरीदी कार्य की औपचारिक शुरुआत की गई। घुघरी में खरीदी केंद्र शुरू हो जाने से अब किसानों को अपनी धान की फसल बेचने के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा, जिससे उनके समय और लागत दोनों की बचत होगी। शुभारंभ में जिला सहकारी बैंक शाखा प्रबंधक, बी पैक्स घुघरी के प्रशासक बीएल सिंधिया, लैंप्स प्रबंधक हरीश मिश्रा, प्रबंधक नम्रता डोंगरे, लिपिक सहायक नियल दहबरा, सुखीराम मरावी, कलीराम मरावी, संतोष झरिया, कमलेश यादव समेत सदस्य और स्थानीय किसान मौजूद रहे।

# बच्चों को समय पर दें पोषण आहार- सीईओ

**मंडला 01 दिसंबर नभाप्र.** सीईओ जिला पंचायत शाश्वत सिंह मीना ने शनिवार को घुघरी क्षेत्र का भ्रमण किया। दौरे के दौरान ग्राम दलका गोपांगी के आंगनबाड़ी केंद्र का उन्होंने औचक निरीक्षण किया। उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकर्ता से बच्चों के केंद्र में आने के समय, पोषण आहार, खेल-कूद, बच्चों की आयु के अनुपात में वजन तथा सीखने-सिखाने की गतिविधियों के बारे में विस्तार से जानकारी ली। सीईओ ने कहा कि बच्चों को पोषण आहार निर्धारित समय पर दें। श्री मीना ने उपस्थित बच्चों से भी पोषण आहार, खेल-कूद के बारे में बातचीत की।

# पेंचवेली ट्रेन मंडला फोर्ट से ही चले, रेलवे संघर्ष समिति की अहम बैठक आयोजित

## मांगें पूरी न होने पर रेल रोको आंदोलन की चेतावनी



**मंडला 01 दिसंबर नभाप्र .** मंडला रेल्वे संघर्ष समिति की एक अहम बैठक आयोजित की गई। जिसमें पेंचवेली एक्सप्रेस के रूट को लेकर बड़ा निर्णय लिया गया। समिति की मुख्य मांग है कि पेंचवेली ट्रेन न बालाघाट जाए और न ही गोंदिया, यह केवल मंडला फोर्ट से ही संचालित हो। बैठक में बिलासपुर-जबलपुर-पेंड्रा-घंसौर नवीन रेलमार्ग और मंडला फोर्ट में कोचिंग डिपो के निर्माण की मांग पर भी चर्चा हुई। समिति ने अपनी मांगों को लेकर मंडला लोकसभा सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते और विवेक तंखा से दूरभाष पर बात की है, जिन्होंने जल्द ही रेल विभाग से चर्चा कर अपडेट देने का आश्वासन दिया है।

### इनकी रहीं उपस्थिति

बैठक में समिति ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि जनमांगें पूरी नहीं हुई, तो आगामी आंदोलन बड़ा होगा, जिसमें रेल रोको आंदोलन, जिले के चारों दिशाओं के रोड का चक्का जाम और पुतला दहन शामिल होगा। बैठक में अनूप मिश्रा, अनूप बासल, अशोक मर्सकोले, अखिलेश सोनी, अभिजीत, राजेश साहू, अभिषेक जैन, संतोष कछवाहा, प्रियांशु ज्योतिषी, नफीश खान, गुंजनश्री, राधा गुप्ता, राजेंद्र अग्रवाल, राजेंद्र नेमा, मुकेश कछवाहा, सैयद नजीर अली, सैयद जावेद अली, चंद्र मोहन, राजेश तिवारी, डीएस वरकड़े, चंद्रगुप्त नामदेव, जितेन्द्र, पुराण, श्रीकांत कछवाहा, प्रदीप खरबंदा, गणेश, पोहप सिंह, राजा, धीरेन्द्र, अनीता, राजेश उपस्थित रहे।

# नारायणगंज के सरसवाही में जल संचय अभियान

## बलाई नदी में नवांकुर संस्था ने किया बोरी व बोल्डर बंधान का कार्य



**नारायणगंज 01 दिसंबर नभाप्र.** विकासखंड नारायणगंज के पिपरिया सेक्टर क्रमांक 2 अंतर्गत ग्राम पंचायत सरसवाही में जल संरक्षण के लिए महत्वपूर्ण कार्य किया गया। नवांकुर संस्था धनवंतरी ग्रामीण सेवा समिति खिन्हा रपटा बबलिया द्वारा बलाई नाला, नदी में बोरी बंधान और बोल्डर बंधान का कार्य संपन्न किया गया। यह जल संचय कार्य मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के जिला समन्वय अधिकारी राजेंद्र चौधरी और ब्लॉक निवास समन्वय अधिकारी सूरज बर्मन के मार्गदर्शन में किया गया। इस दौरान उपस्थित सभी लोगों द्वारा श्रमदान भी दिया गया। जिसमें धनवंतरी ग्रामीण सेवा समिति, रेवा ज्ञान विकास समिति, श्री राम जन समर्पण सेवा संस्था टाक बेली शामिल रही। बलाई नदी में जल रोकने के इस महत्वपूर्ण कार्य में कार्यकर्ताओं और परामर्शदाताओं का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम में आतिश मोगरे, हीरा महोबिया, राजकुमार सविता, परामर्शदाता मनोज तिवारी, जयप्रकाश झरिया, अभिलाषा दुबे, देवेंद्र बरकडे, उत्तम सिंह उपस्थित रहे। इसके साथ ही सीएमसीएलडीपी के छात्र कैलाश और अनामिका के साथ ग्रामीण जनों ने भी बढ़-चढ़कर सहयोग किया, जिससे यह सामूहिक प्रयास सफल हो सका।

**सम्मेलन** | लोधी क्षत्रिय समाज का प्रतिभा सम्मान समारोह और युवक-युवती परिचय सम्मेलन आयोजित

# शिक्षा किसी से नहीं करती भेदभाव, समाज की प्रगति के लिए करें कार्य



**मंडला 01 दिसंबर नभाप्र.** लोधी क्षत्रिय समाज का प्रतिभा सम्मान समारोह और युवक-युवती परिचय सम्मेलन बम्हनीबंजर में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि लोकेश कुमार लिल्हारे कमिश्नर जीएसटी जबलपुर, आचार्य हरि गोविंद दास महाराज प्रमुख पुराणाचार्य मथुरा-वृंदावन, साध्वी राधिका पटेल, अपराजिता आईएसएस एकेडमी की डायरेक्टर चंद्रसिंह पटेल, राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष आलोक, प्रदेशाध्यक्ष आलोक मप्र एसके गिरिया, अखिल भारतीय लोधी महासभा के प्रदेशाध्यक्ष संजय पटेल, वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष सीताराम पटेल मौजूद रहे। मुख्य अतिथि लोकेश लिल्हारे ने कहा कि प्रयास करें, प्रयास से ही सफलता मिलती है। आप में से ही आगे चलकर कलेक्टर और एसपी निकलेंगे। अभिभावकों से कहा कि जो बेटियां 75 प्रतिशत से अधिक अंक पाकर सफल हो रही हैं, उनके विवाह में जल्दबाजी न करें, उन्हें अपनी मंजिल हासिल करने दें, उसके बाद विवाह कराएं। युवाओं को सीखते रहने और नशे से दूर रहने की प्रेरणा देते हुए उन्होंने कहा कि समाज को नशामुक्त बनाने सभी को एकजुट होकर कार्य करना होगा, जो युवक जुआ, सट्टा और नशे का आदि हों, ऐसे युवकों को अभिभावक अपनी बेटियां न दें। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं और युवाओं ने आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

### सम्मेलन में प्रतिभावानों का सम्मान

कक्षा 10वीं और 12वीं में आगामी परीक्षा वर्ष 2025 के लिए 75 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित करने वाले समाज के एक सैकड़ा से अधिक विद्यार्थियों को रानी अवंति बाई का मोमेंटो, प्रमाणपत्र, डाक्यूमेंट्री फाइल और मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। साथ ही शासकीय सेवा प्राप्त करने वाले, शिक्षा व अन्य क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाले, सेवानिवृत्त कर्मचारियों तथा समाज के उल्लेखनीय योगदानकर्ताओं को भी सम्मानित किया गया। लोधी धर्मशाला निर्माण में विशेष सहयोग करने वालों को भी सम्मान दिया गया। आचार्य हरि गोविंद दास महाराज ने अपने उद्बोधन में कहा कि न दहेज लें न दें, जो दहेज की मांग करे उस घर में बेटी का विवाह न करें, शिक्षित होना अत्यंत आवश्यक है। साध्वी राधिका पटेल ने कहा कि बेटों और बेटियों में भेदभाव न करें, बेटियों को भी उच्च शिक्षा प्रदान करें। युवक-युवती पंजीयन का कार्य हुलकर सिंह ठाकुर और उनकी टीम ने किया।



### ये रहे उपस्थित

जिला मीडिया प्रभारी मंगल सिंह ठाकुर ने बताया कि कार्यक्रम में आलोक संगठन के प्रदेश अध्यक्ष एसके गिरिया, लोधी महासभा प्रदेश उपाध्यक्ष संजय पटेल, प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष सीताराम पटेल, जिलाध्यक्ष आलोक नरेश पटेल, प्रदेश संगठन सचिव गोविंद लोधी, प्रदेश मीडिया प्रभारी आलोक बालसिंह ठाकुर सहित मातृशक्ति, युवा और वरिष्ठजन उपस्थित रहे। स्वागत भाषण जिला समाज के संरक्षक रवि ठाकुर ने दिया। कार्यक्रम संचालन कन्हैया ठाकुर जिलाध्यक्ष लोधी क्षत्रिय समाज मंडला एवं केके ठाकुर पूर्व महासचिव आलोक मध्यप्रदेश ने किया।